www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 June 26, 2011 Shift 1 Law Question Paper**

# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No. ____________________
(In words)

**J 5 8 1 1**

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The Supreme Court of India has adopted new approach for the interpretation of the concept 'Equality' in
(A) State of West Bengal V. Anwarli Sarkar
(B) EP Royappa V. State of Tamil Nadu
(C) Keshavanand Bharati V. State of Kerala
(D) State of Karnataka V. Appa Balu Ingale

**2.** In which of the following case the Supreme Court said 'Right to Life does not include Right to Die' ?
(A) P. Rathinam V. Union of India
(B) M.C. Mehta V. Union of India
(C) Gan kaur V. State of Punjab
(D) Sunil Batra V. Superintendent, Delhi Administration

**3.** Which one of the following privileges is guaranteed to the President of India under Article 361 of the Constitution ?
(A) Not to participate in the Parliamentary proceedings.
(B) He is answerable to the chief Justice of India.
(C) He is not to be answerable to any court during the term of his office.
(D) Can address both the Houses of Parliament at the time of joint session.

**4.** Money Bills can be introduced only
(A) in Rajya Sabha
(B) in both Houses of Parliament
(C) in Lok Sabha only
(D) None of the above

**5.** Who has the power to dissolve the House of the People ?
(A) The Council of Ministers
(B) The Prime Minister
(C) The Speaker of the Lok Sabha
(D) The President

**6.** Judicial review in the Indian Constitution is based on
(A) Procedure established by law
(B) Due process of Law
(C) Rule of Law
(D) Precedents and Conventions

**7.** 'Limits of Jurisprudence Defined' written by
(A) Jeremy Bentham
(B) John Austin
(C) T.E. Holland
(D) H.L.A. Hart

**8.** H.L.A. Hart remarks that 'Law is a
(A) Union of primary and secondary rules.
(B) Union of Public and Private law.
(C) Union of Central and State law.
(D) Union of effective rules.

**9.** The term 'Legal theory' has been first time coined by
(A) Hans Kelsen
(B) W. Friedman
(C) Salmond
(D) Ronald Dworkin

**10.** There are ______ theories of punishment.
(A) Two (B) Three
(C) Four (D) Five

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** भारत के उच्चतम न्यायालय ने समानता की अवधारणा की व्याख्या के लिए निम्नलिखित में से, किसमें नया दृष्टिकोण अपनाया है ?
(A) पश्चिमी बंगाल राज्य बनाम अनवर अली सरकार
(B) ई.पी. रोयप्पा बनाम तामिलनाडु राज्य
(C) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
(D) कर्नाटक राज्य बनाम अप्पाबालू इंगले

**2.** निम्नलिखित वादों में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने कहा 'जीवन के अधिकार में मृत्यु का अधिकार सम्मिलित नहीं है ।' ?
(A) रतिनाम बनाम भारत सरकार
(B) एम.सी. मेहता बनाम भारत सरकार
(C) ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य
(D) सुनील बतरा बनाम अधीक्षक, दिल्ली प्रशासन

**3.** निम्न में से कौन सा विशेषाधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति को दिया गया है ?
(A) संसदीय प्रक्रिया में भाग नहीं लेना
(B) वह भारत के मुख्य न्यायाधिश को जवाब देने के लिये उत्तरदायी हैं ।
(C) अपने पद पर रहते हुए किसी भी न्यायालय के प्रति उत्तरदायी नहीं है ।
(D) संयुक्त अधिवेशन में संसद के दोनों सदनों में बोल सकता है ।

**4.** धन विधेयक को केवल पेश किया जा सकता है
(A) राज्य सभा में
(B) संसद के दोनों सदन में
(C) केवल लोक सभा में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**5.** लोक सभा को भंग करने का अधिकार किसको है ?
(A) मंत्री परिषद
(B) प्रधानमंत्री
(C) लोकसभा का अध्यक्ष (स्पीकर)
(D) राष्ट्रपति

**6.** भारतीय संविधान में न्यायिक पुनर्विलोकन आधारित है
(A) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
(B) विधि की यथोचित प्रक्रिया
(C) विधि शासन
(D) पूर्व निर्णयों एवं रूढ़ियों पर

**7.** 'लिमिट्स ऑफ जूरिसपरुडेंस डिफाइंड' किस लेखक की रचना है ?
(A) जेरेमी बैंथम
(B) जॉन अस्टिन
(C) टी.ई. हालैण्ड
(D) एच.एल.ए. हार्ट

**8.** एच.एल.ए. हार्ट का कथन है कि विधि है
(A) प्राथमिक एवं गौण विधियों का सम्मेल
(B) सरकारी और निजी नियमों का सम्मेल
(C) केंद्रीय और राज्य विधियों का सम्मेल
(D) प्रभावी नियमों का सम्मेल

**9.** पद 'विधिक सिद्धान्त' सर्वप्रथम किस द्वारा गढ़ा गया ?
(A) हेन्स केल्सन
(B) डब्ल्यू फ्राइडमैन
(C) सामंड
(D) रोनाल्ड ड्वोर्किन

**10.** दण्ड के सिद्धान्त कितने हैं ?
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** Which one of the following statements is true ?

(A) Animus is necessary for the acquisition or commencement of possession.

(B) Corpus is necessary for the acquisition or commencement of possession.

(C) Animus and corpus are not necessary for the acquisition or commencement of possession.

(D) Animus and corpus are necessary for the acquisition or commencement of possession.

**12.** The 'Will Theory' was criticised by

(A) Locke (B) Holmes

(C) Puchta (D) Duguit

**13.** Boundary delimitation treaties are binding even on non-party states because they are valid ergo omnes. The International Court of Justice held so in

(A) The Asylum Case

(B) The case concerning Kasikili/ Sedudu Island (Botswana V. Namibia)

(C) The case concerning the Gabcikobo-Nagymaros Project (Hungary V. Slovakia)

(D) The Anglo-Norwegian Fisheries case

**14.** 'A treaty is a contract between the Governments of two or more sovereign States.' Lord Templeman said so in

(A) The S.S. Lotus case

(B) The Gulf of Maine case

(C) James Buchanan & Co. V. Babco Forwarding and Shipping

(D) Maclaine Watson V. Dept. of Trade and Industry

**15.** **Assertion (A) :** International Law is generally not enforceable.

**Reason (R) :** International Law is generally observed by States in practice.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**16.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Themes)** | **List – II (Decisions)** |
|---|---|
| (i) Unilateral statements can become legally binding | 1. Island of Palmas case |
| (ii) Arbitration | 2. Nuclear Test Cases |
| (iii) International Organizations as a subject of International Law | 3. Mavrommatis Palestine Concessions case |
| (iv) Concept of subrogation | 4. Advisory opinion on the legality of the threat or use of Nuclear Weapons. |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

(A) अधिग्रहण अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए आशय आवश्यक है ।

(B) अधिग्रहण अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए भौतिक नियंत्रण आवश्यक है ।

(C) अधिग्रहण अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए आशय और भौतिक नियंत्रण आवश्यक नहीं हैं ।

(D) अधिग्रहण अथवा कब्जे के प्रारम्भ के लिए आशय और भौतिक नियंत्रण आवश्यक है ।

**12.** निम्नलिखित में से इच्छा सिद्धान्त (विल थ्योरी) की आलोचना किसने की ?

(A) लॉक (B) होम्स

(C) पुच्टा (D) ड्यूगिट

**13.** सीमा निर्धारण संधियाँ गैर-पक्षकार राज्यों पर भी बन्धनकारी हैं क्योंकि ये सम्पूर्ण विश्व के लिए वैध हैं । अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक अदालत ने किस वाद में ऐसा निर्णय दिया ?

(A) शरण (असाईलम) का वाद

(B) कसिकिली / सेडूरु द्वीप वाद में (बोत्सवाना बनाम नमीबिया वाद)

(C) गब्सीकोवो-नागिमरोस परियोजना से सम्बन्धित वाद (हंगरी बनाम स्लोवाकिया)

(D) एंग्लो-नारवेजियन मत्स्य वाद

**14.** 'दो अथवा अधिक प्रभुता-सम्पन्न राज्यों के बीच हुई संधि उनके बीच हुई संविदा है ।' यह टैंपलमैन ने किस वाद में कहा ?

(A) एस.एस. लोटस वाद

(B) मेन खाड़ी वाद

(C) जेम्स बुकानन एण्ड कम्पनी बनाम बाब ो फार्वर्डिंग एण्ड शिपिंग

(D) मैक्लेन वाटसन बनाम वाणिज्य एवं व्यापार विभाग

**15.** **अभिकथन (A) :** अन्तर्राष्ट्रीय विधि प्राय: प्रवर्तनीय नहीं है ।

**तर्क (R) :** अन्तर्राष्ट्रीय विधि को राज्यों द्वारा प्राय: व्यवहृत किया जाता है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**16.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए और अधोलिखित कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (i) एक पक्षीय कथन विधि के अन्तर्गत बन्धनकारी बन सकते हैं । | 1. पामास द्वीपवाद |
| (ii) माध्यास्थम | 2. न्युक्लियर टेस्ट केस |
| (iii) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के विषय के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय संगठन | 3. मैवरोम्माटिस पैल्सटाइन कंसैशन केस |
| (iv) प्रत्यासन की अवधारणा | 4. नाभिकीय हथियारों के प्रयोग या प्रयोग की धमकी की वैधता पर परामर्शात्मक मत |

**कोड :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**17.** According to proponents of dualism both international law and municipal law differ

1. terms of their subjects
2. terms of their basis
3. terms of binding nature
4. terms of their existence

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3 are correct.
(B) 2, 3 and 4 are correct.
(C) 1 and 2 are correct.
(D) 2 and 4 are correct.

**18.** An interim Government of Lomalia seeks control over certain funds belonging to the Republic of Lomalia. Lomalia is at present in a state of civil war, with no faction in effective control of the State. The court asks the foreign office to give its opinion on status of the interim Government and the foreign office informs the Court that the U.K. no longer recognized the Government and that the attitude of the government is to be inferred from the nature of its dealings with the regime concerned on a Government to Government basis. In this circumstance the Court can decide the case by relying on

(A) the doctrine of de facto recognition
(B) the doctrine of de jure recognition
(C) the doctrine of rebus sic stantibus
(D) the doctrine of legality, effectiveness and in marginal cases, recognition

**19.** Consider the following Propositions.

I. A void marriage remains valid until a decree annulling it has been passed by a competent court.

II. A void marriage is never a valid marriage and there is no necessity of any decree annulling it.

III. A voidable marriage is regarded as a valid marriage until a decree annulling it has been passed by a competent court.

**Codes :**

(A) I, II and III are correct.
(B) I and II are correct.
(C) II and III are correct.
(D) I and III are correct.

**20.** Where the marriage has not been consummated, Iddat has to be observed in case of

(A) Death
(B) Divorce
(C) Both death and divorce
(D) Neither death nor divorce

**21.** Now a marriage solemnised between any two persons in violation of the requirement of age may be

(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) All of above

**22.** A child may be given in adoption by the

(A) Father
(B) Mother
(C) Guardian
(D) All the above

Prepp Your Personal Exams Guide

**17.** द्वैतवाद के समर्थकों के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं राष्ट्रीय विधि में अंतर है

1. उनके विषयों के संदर्भ में
2. उनके आधारों के संदर्भ में
3. उनके आवद्धकारी प्रकृति के संदर्भ में
4. उनके अस्तित्व के संदर्भ में

**कूट :**

(A) 1, 2 एवं 3 सही हैं ।

(B) 2, 3 एवं 4 सही हैं ।

(C) 1 एवं 2 सही हैं ।

(D) 2 एवं 4 सही हैं ।

**18.** लोमालिया की एक अन्तरिम सरकार लोमालिया गणराज्य के कतिपय फण्ड पर नियन्त्रण करना चाहती है । लोमालिया में इस समय गृह-युद्ध की स्थिति है । किसी भी धड़े का राज्य पर प्रभावी नियन्त्रण नहीं है । न्यायालय ने विदेश कार्यालय से अन्तरिम सरकार की हैसियत के बारे में अपना विचार बतलाने के लिए कहा और विदेश कार्यालय ने न्यायालय को यह भी सूचित किया कि युनाइटेड किंगडम सरकार को मान्यता नहीं दी है और सरकार के दृष्टिकोण को एक सरकार के दूसरी सरकार के निहित व्यवहार के आधार पर जाना जा सकता है । इस स्थिति में न्यायालय इस वाद पर निर्णय को किस पर आधारित कर सकती है ?

(A) तथ्यत: मान्यता सिद्धान्त

(B) विधित: मान्यता सिद्धान्त

(C) मौलिक परिवर्तन के सिद्धान्त

(D) वैधता, प्रभावकारिता और हाशियाई मामलों में मान्यता का सिद्धान्त

**19.** निम्नलिखित प्रस्थापनाओं पर विचार कीजिए :

I. एक शून्य विवाह तब तक वैध रहता है जब तक कोई सक्षम अदालत उसे रद्द करने का आदेश नहीं देती ।

II. शून्य विवाह कभी भी वैध नहीं होता इस लिए इसे रद्द करने के लिए किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है ।

III. एक शून्यकरणीय विवाह तब तक वैध माना जाता है जब तक कोई सक्षम अदालत उसे रद्द नहीं करती ।

**कूट :**

(A) I, II और III सही हैं ।

(B) I और II सही हैं ।

(C) II और III सही हैं ।

(D) I और III सही हैं ।

**20.** जहाँ विवाह की संसिद्धि न की गई हो ऐसे किस मामले में इद्दत को अपनाना पड़ता है ?

(A) मृत्यु

(B) तलाक

(C) मृत्यु और तलाक दोनों में

(D) मृत्यु और तलाक दोनों में ही नहीं

**21.** आयु की अपेक्षाओं का उल्लंघन करके दो व्यक्तियों में हुआ विवाह होगा

(A) वैध

(B) शून्य

(C) शून्यकरणीय

(D) उपरोक्त सभी

**22.** एक बच्चा किसके द्वारा गोद दिया जा सकता है ?

(A) पिता

(B) माता

(C) संरक्षक

(D) उपरोक्त सभी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** "Marriages of all persons who are citizens of India belonging to various religions should be made compulsorily registerable in their respective States where the marriage is solemnized." This was held by the Supreme Court in case of

(A) John Vallamattom V. U.O.I.
(B) Seema V. Ashwani Kumar
(C) Githa Hariharan V. R.B.I.
(D) A. Jayachandra V. Aneel Kaur

**24.** To mature as a ground of divorce, the desertion under the Hindu Marriage Act, 1955 must continue for a minimum period of

(A) One year
(B) Two years
(C) Three years
(D) Four years

**25.** An agreement enforceable at law is a

(A) Legal agreement
(B) Moral agreement
(C) Acceptance
(D) Contract

**26.** Every promise and every set of promises, forming the consideration for each other is

(A) Contract
(B) Offer
(C) Acceptance
(D) Agreement

**27.** Void agreement signifies

(A) Illegal agreement
(B) Legally unenforceable agreement
(C) Agreement without contract
(D) Agreement without substance

**28.** An agreement obtained by coercion is

(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) Illegal

**29.** An agreement shall be void on account of

(A) Mistake of law
(B) Mistake of fact by one party
(C) Mistake of fact by both the parties
(D) Mistake apparent on face of record

**30.** A contingent contract

(A) becomes void when the event becomes impossible
(B) is voidable
(C) is void
(D) never becomes void

**31.** A, a competent contractor, constructed a reservoir of water for the mill of B. During the construction of the reservoir, A came across some old shafts and tunnels, but he did not get them blocked. When the reservoir was filled, the water burst through the old shafts and tunnels flooding the nearby mines of C. C sued B. What defences, if any, are available to B ?

(A) Inevitable accident
(B) If any negligence has been committed, it is by A and not by B.
(C) B has no defence. He is responsible for the escape of water.
(D) Third Party's negligence.

**23.** "प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और वह किसी भी धर्म का हो, का विवाह सम्बंधित राज्य में, जहाँ यह विवाह सम्पन्न हुआ है, उसे अनिवार्यतया पंजीकरण योग्य बनाया जाए ।" ऐसा उच्चतम न्यायालय ने किस वाद में धारित किया ?

(A) जाहन वल्लामट्टम बनाम भारत सरकार

(B) सीमा बनाम अश्विनी कुमार

(C) गीता हरिहरण बनाम आर बी आई

(D) ए. जयचन्द्र बनाम अनिल कौर

**24.** तलाक के कारणों की परिपक्वता के लिए, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन अभित्यजन की कम से कम निरन्तर अवधि कितनी है ?

(A) एक वर्ष

(B) दो वर्ष

(C) तीन वर्ष

(D) चार वर्ष

**25.** विधि द्वारा प्रवर्तनीय करार है

(A) वैध करार

(B) नैतिक करार

(C) स्वीकृति

(D) संविदा

**26.** प्रत्येक वचन एवं प्रत्येक वचनों के समुच्चय जो एक दूसरे के लिए प्रतिफल है

(A) संविदा

(B) प्रस्ताव

(C) स्वीकृति

(D) करार

**27.** शून्य करार दर्शाता है

(A) अवैध करार

(B) वैध रूप से लागू न करने योग्य करार

(C) संविदा के बिना करार

(D) तत्त्व विहीन करार

**28.** उत्पीड़न से करवाया गया करार है

(A) शून्य

(B) शून्यकरणीय

(C) वैध

(D) अवैध

**29.** करार किस कारण से शून्य होगा ?

(A) विधि की त्रुटि

(B) एक पक्षकार द्वारा तथ्य त्रुटि

(C) दोनों पक्षकारों द्वारा तथ्य त्रुटि

(D) रिकार्ड में झलकती स्पष्ट त्रुटि

**30.** एक समाश्रित संविदा

(A) शून्य हो जाती है जब घटना असंभव हो जाती है ।

(B) शून्यकरणीय है ।

(C) शून्य है ।

(D) कभी शून्य नहीं होती ।

**31.** ए नामक एक सक्षम ठेकेदार ने बी के मिल के लिए एक जलाशय का निर्माण किया । इस जलाशय के निर्माण के दौरान उसे वहाँ कुछ पुराने खम्भे और सुरंगों का पता चला, मगर उसने उन्हें बन्द नहीं करवाया । जब जलाशय को भरा गया तो जल उन खम्भों और सुरंगों से फूटता हुआ सी की निकटवर्ती खानों को भर गया । सी ने बी के विरुद्ध मुकद्दमा कर दिया । बी के पास, यदि कोई है, तो क्या बचाव है ?

(A) अपरिहार्य दुर्घटना

(B) यदि कोई असावधानी हुई है तो वह ए द्वारा हुई है बी द्वारा नहीं ।

(C) बी के पास कोई बचाव नहीं है । वह जल के निर्गमन के लिए जिम्मेदार है ।

(D) तीसरे पक्षकार की कोताही ।

Prepp Your Personal Exams Guide

**32.** Give the correct response.

(A) The liability of master and servant is joint.

(B) The liability of master and servant is several.

(C) The liability of master and servant is joint and several.

(D) The liability of master and servant is joint and several in exceptional cases.

**33.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Common employment | 1. | Conspiracy |
| (b) | Respondent superior | 2. | Master and servant |
| (c) | Agreement to injure the other in the trade | 3. | Servant and servant |
| (d) | Egg-shell skull rule | 4. | Tort feasor takes his victim as he finds |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**34.** Generally mens-rea is an essential element in a criminal offence. Mens-rea in tort.

(A) is relevant and crucial

(B) has no relevance whatsoever

(C) is generally not important

(D) is relevant in certain tortious actions

**35.** Last Opportunity Rule is associated with

(A) Remoteness of damage

(B) Volunti nor fit injuria

(C) Contributory negligence

(D) Negligence

**36.** Give the correct match :

| | I | | II |
|---|---|---|---|
| (a) | Act of God | 1. | Secretary of State for India vs Hari Bhaji |
| (b) | Remoteness of damage | 2. | Nichols Vs. Marsland |
| (c) | Act of State | 3. | Donoghue Vs. Stevenson |
| (d) | Negligence | 4. | Smith Vs. Lindon & South Western Rly. Co. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**37.** The chief elements of crime are

(A) To act in a particular way otherwise to undergo punishment

(B) An act committed or omitted in furtherance of criminal intent

(C) An act causing injury to another individual or society

(D) All the above

**32.** सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) मालिक एवं नौकर की देयता संयुक्त है ।

(B) मालिक एवं नौकर की देयता पृथक-पृथक है ।

(C) मालिक एवं नौकर की देयता संयुक्त और पृथक-पृथक है ।

(D) मालिक एवं नौकर की देयता कई अपवादी मामलों में संयुक्त और पृथक-पृथक है ।

**33.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) साझा रोजगार | 1. षड्यंत्र |
| (b) प्रत्यर्थी प्रवर | 2. मालिक एवं नौकर |
| (c) वाणिज्य में दूसरे के नुकसान पहुँचाने के लिए करार | 3. नौकर एवं नौकर |
| (d) एग्ग-शेल स्कल रूल | 4. अपकृतकर्ता पीड़ित को उसी दशा में लेता है जिसमें वह उसे पाता है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**34.** प्राय: आपराधिक मन:स्थिति आपराधिक अपराधों में अनिवार्य तत्त्व होती है । अपकृत्य में आपराधिक मन:स्थिति है :

(A) सम्बन्धित एवं निर्णायक

(B) किसी भी प्रकार से सम्बन्धित नहीं है ।

(C) प्राय: आवश्यक नहीं है ।

(D) अपकृत्य कार्यों से सम्बंधित है ।

**35.** अन्तिम अवसर नियम का सम्बन्ध है

(A) क्षति की दूरवर्तिता

(B) सहमति से हुई क्षति, क्षति नहीं होती

(C) योगदायी उपेक्षा

(D) उपेक्षा

**36.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| I | II |
|---|---|
| (a) दैवकृत | 1. सचिव, भारत सरकार बनाम हरि भाई |
| (b) क्षति की दूरवर्तिता | 2. निकोलस बनाम मार्शलैण्ड |
| (c) राज्य कृत | 3. डांग्हल बनाम स्टीवनसन |
| (d) उपेक्षा | 4. स्मिथ बनाम लन्दन एण्ड साउथ वैस्टर्न रेलवे कम्पनी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**37.** अपराध के प्रमुख तत्त्व हैं

(A) किसी विशिष्ट प्रकार से कृत न करने पर दण्ड पाना ।

(B) आपराधिक आशय को आगे बढ़ाने के लिए कोई कृत करना या कृत को छोड़ना ।

(C) ऐसा कृत जिससे किसी दूसरे व्यक्ति अथवा समाज को क्षति पहुँचे ।

(D) उपरोक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** Wantonly means
(A) Things done recklessly
(B) Things done malignantly
(C) Acts done through mischief
(D) All the above

**39.** The law on bigamy does not apply where
(A) There was no mens rea
(B) Bonafide reasons to believe that the spouse was dead
(C) The other spouse was living in a shared house
(D) None of the above

**40.** Loosing wrongfully means
(A) When the property is put to auction.
(B) When such person is wrongfully deprived of property.
(C) When such person is wrongfully kept out of the property.
(D) All the above.

**41.** Denotion of mens rea is inferred through
(A) Reason to believe
(B) Voluntarily
(C) Dishonestly
(D) All the above

**42.** Right to private defence is not available on
(A) All acts of self-defence
(B) All acts of aggression
(C) All acts where danger is sensed
(D) All the above

**43.** In which of the following cases the GHERAO was declared illegal ?
(A) Bangalore Water Supply & Sewerage Board V. Rajappa
(B) Jay Engneering Works Ltd. V. State of West Bengal
(C) Hindustan Motors Ltd. V. Tapan Kumar
(D) O.P. Gupta V. Union of India

**44.** Retrenchment means
(A) Voluntary retirement of workman
(B) Termination of the service of a workman on the ground of continued ill-health
(C) Termination by the employer of the service of workman for any reason whatsoever
(D) Termination of the service of the workman as a result of the non-renewal of the contract of employment

**45.** How many members may apply for registration of trade union under the Trade Union Act, 1926 ?
(A) Two or more
(B) Five or more
(C) Ten or more
(D) Seven or more

**46.** Contribution to political fund of trade union is
(A) compulsory for all members
(B) not compulsory for all members
(C) compulsory for office bearer
(D) compulsory, if employer wants

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** स्वैरता से का भाव है

(A) अंधाधुंध किये गए कार्य

(B) द्वेषपूर्वक किये गए कार्य

(C) शरारत द्वारा किये गए कृत

(D) उपरोक्त सभी

**39.** द्विविवाह विधि लागू नहीं होती

(A) यदि आपराधिक मन:स्थिति नहीं है ।

(B) यदि भरोसे के योग्य प्रामाणिक कारक हों कि पति/पत्नी की मृत्यु हुई है ।

(C) दूसरा/दूसरी पति/पत्नी एक ही मकान के हिस्से में रहते थे ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**40.** सदोष खोने से भाव है :

(A) जब सम्पत्ति को नीलाम पर चढ़ाया जाता है ।

(B) जब किसी व्यक्ति को दोषत: आघात पहुँचा कर उससे सम्पत्ति छीन ली जाती है ।

(C) जब किसी व्यक्ति को सदोष उसकी सम्पदा से अलग कर दिया जाए ।

(D) उपरोक्त सभी

**41.** आपराधिक मन:स्थिति को अनुमित किया जाता है

(A) विश्वास के कारक

(B) स्वेच्छया

(C) बेईमानी से

(D) उपरोक्त सभी से

**42.** निजी बचाव अधिकार उपलब्ध नहीं है

(A) स्व: बचाव के सभी कृत्य के लिए

(B) सभी आक्रामक कृत्यों के लिए

(C) उन सभी कृत्यों में जहाँ खतरे का आभास हो ।

(D) उपरोक्त सभी

**43.** निम्नलिखित में से किस मामले में 'घेराव' को अवैध घोषित किया गया था ?

(A) बैंगलोर जल-सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड बनाम राजप्पा

(B) जय इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य

(C) हिंदुस्तान मोटर्स लि. बनाम तपन कुमार

(D) ओ.पी. गुप्ता बनाम भारत सरकार

**44.** छंटनी का अभिप्राय है

(A) वर्कमैन की स्व: सेवा निवृत्ति

(B) कर्मकार के निरन्तर अस्वस्थ रहने के कारण उसे सेवा से हटाया जाना ।

(C) किसी कर्मकार को नियोक्ता की ओर से, चाहे किसी भी कारण से, हटाया जाना ।

(D) कर्मकार को रोजगार के करार के गैर नवकरणीय कारणों से सेवा से हटाना ।

**45.** ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 के अधीन कितने सदस्य अपनी संस्था के पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं ?

(A) दो अथवा अधिक

(B) पाँच अथवा अधिक

(C) दस अथवा अधिक

(D) सात अथवा अधिक

**46.** ट्रेड-यूनियन को राजनीतिक फण्ड के योगदान को कहते हैं

(A) सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य ।

(B) सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य नहीं है ।

(C) पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य ।

(D) अनिवार्य, यदि नियोक्ता चाहे ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the following paragraph and answer the Question Nos. **47** to **50 :**

Broadly speaking, legal theory involves a study of the characteristic features essential to law and common to legal systems and analysis of the basic elements of law which made it law and distinguish it from other forms of rules and standards, from systems which cannot be described as legal systems and from other social phenomena. In fact, it is not possible to reach our dogmatic answer to the question 'what is law' or provide exclusive answers to many questions which are asked about its essential nature. The nature of legal theory lies in a study of the light which other theories may shed on the distinctive attributes of law, by an examination of the relative merits and demerits of the principal expositions of the subject. In the same strain Friedman says, 'legal theory' is linked at one end with philosophy and, at other end, with political theory. Sometimes, the starting point is philosophy and political ideology plays a secondary part ….. Sometimes the theory of knowledge and political ideology are welded into one coherent system, of course, it is true that some legal philosophies have been philosophers first and foremost and jurists incidentally and other politicians first and foremost and jurists because they felt the need to express their political thought in legal form … In short, before the nineteenth century legal theory was essentially a by-product of philosophy, religion, ethics or politics. The new era of legal philosophy arises mainly from the confrontation of professional lawyers, in his legal work, with problems of social justice. The modern jurists legal theory, no less than scholastic philosopher's, is based on ultimate beliefs whose inspiration comes from outside the law itself.

In the light of above, answer the following :

**47.** As the science of law or philosophy of law emerged, which of the following approach came into existence ?

(A) Analytical positivist approach

(B) Realist approach

(C) Socio-logical approach

(D) Historical approach

**48.** Law must remain free from social sciences, metaphysical, ethical and moral elements. This was propounded by

(A) Hart (B) Bentham

(C) Salmond (D) Kelson

**49.** Law is always in a state of continual change. This is the basic tenet of

(A) Sociological jurisprudence

(B) Historical jurisprudence

(C) Realist jurisprudence

(D) Philosophical school

**50.** Who defined jurisprudence as a formal science of positive law ?

(A) Austin (B) Salmond

(C) Holland (D) Hobbes

अधोलिखित वाक्यांश को पढ़कर प्रश्न **47** से **50** तक का उत्तर दीजिए :

मोटे तौर पर कहा जाए, विधि सिद्धान्त के अन्तर्गत विधि के लिए अनिवार्य लाक्षणिक तत्त्वों, जो विधि प्रणालियों के लिए स्वमान्य हैं, विधि के मूलभूत तत्त्वों के विश्लेषण का अध्ययन है जिससे यह विधि का रूप धारण करता है और इसे अन्य नियमों एवं मानकों से विभिन्नता प्रदान करता है, उन प्रणालियों से भिन्न करता है जिन्हें विधि प्रणालियों और अन्य सामाजिक वस्तुएँ नहीं कहा जा सकता । वस्तुत:, यह संभव नहीं है कि विधि क्या है, इसका कोई सैद्धान्तिक उत्तर नहीं ढूँढा जा सकता अथवा उन बहुत से प्रश्नों का कोई निर्णायक उत्तर भी नहीं दिया जा सकता जो विधि की अनिवार्य प्रकृति के बारे में पूछे जाते हैं । विधि सिद्धान्त की प्रकृति उस अध्ययन में निहित हैं जो अन्य सिद्धान्त विधि के विशिष्ट लक्षणों पर प्रकाश डालती हैं । इसके लिए वे इस विषय के मुख्य प्रतिपादनों के गुण-दोषों का निरीक्षण करके निर्णय पर पहुँचते हैं । इसी स्वर में, फ्राइडमैन का कथन है, 'विधि सिद्धान्त एक सिरे पर 'दर्शन शास्त्र' से सम्बंधित है, और दूसरे पर राजनीतिक सिद्धान्त से । कभी प्रारम्भिक बिन्दु दर्शनशास्त्र होता है और राजनीतिक विचारधारा गौण भूमिका निभाती है ... कभी ज्ञान सिद्धान्त और राजनीतिक विचारधारा मिलकर एक संगत प्रणाली हो जाते हैं । फिर भी, यह सत्य है कि विधि शास्त्र सर्वप्रथम दर्शनशास्त्री हुए हैं और विधि शास्त्री तो वे संयोगवश हो गए हैं जबकि उनमें से कई पहले राजनीतिक नेता थे । वे विधि शास्त्री इसलिए बने क्योंकि उन्होंने अपने राजनीतिक विचारों को विधि के रूप में प्रकट करने की आवश्यकता को अनुभव किया । संक्षेप में, उन्नीसवीं शती से पूर्व विधि सिद्धान्त अनिवार्यतया दर्शन शास्त्र, धर्म, नीति शास्त्र और राजनीति का गौण-उत्पादन है । विधि दर्शन का नवयुग प्रमुखतया उदय उस समय होता है जब विधिवेत्ता अपने विधि सम्बन्धी कार्यों को करते हुए सामाजिक न्याय की समस्याओं के आमने-सामने होते हैं । आधुनिक विधिवेत्ता का विधि सिद्धान्त, जो शास्त्रीय दर्शनवेत्ताओं से कम नहीं, उन अन्तिम विश्वासों पर आधारित हैं जिसके लिए प्रेरणा विधि क्षेत्र के बाहर से प्राप्त होती है ।

उपरोक्त को पढ़कर निम्न प्रश्नों **47** से **50** तक का उत्तर दीजिए :

**47.** विधि विज्ञान अथवा विधि दर्शन का प्रादुर्भाव हुआ, इससे निम्नलिखित में से कौन सा दृष्टिकोण अस्तित्व में आया ?

(A) विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण
(B) यथार्थ दृष्टिकोण
(C) समाज-तार्किक दृष्टिकोण
(D) ऐतिहासिक दृष्टिकोण

**48.** विधि सामाजिक विज्ञानों, आध्यात्मिकता, नैतिक और नीति तत्त्वों से सर्वथा स्वतन्त्र हो । इसका प्रतिपादन किसने किया ?

(A) हार्ट (B) बैंथम
(C) सालमौंड (D) कैल्सन

**49.** विधि सदैव सतत् परिवर्तन की अवस्था में रहती है । यह इसकी मूलभूत प्रवृत्ति है :

(A) समाजशास्त्रीय विधि शास्त्र
(B) ऐतिहासिक विधि शास्त्र
(C) यथार्थ विधि शास्त्र
(D) दार्शनिक स्कूल

**50.** विधि शास्त्र की यह परिभाषा किसने दी है कि यह सकारात्मक विधि का औपचारिक विज्ञान है ?

(A) आस्टिन (B) सालमौंड
(C) हालैण्ड (D) हाब्स

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide